महत्वपूर्ण एवं खास

कबाड़ बीनने की आड़ में सूने मकानों में हाथ साफकरने वाला आरोपी गिरफ्तार,30 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने बरामद

जांजगीर (आरएनएस)। जांजगीर जिले में पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया चोर कबाड़ बीनने की आड़ में पहले सूने मकानों की ताकझांक करता था फिर मौका देखकर वहां हाथ साफकर देता था। इस दौरान कुत्ते भोंकते तो उन्हें गुलेल से मारकर भगा देता। निगरानी बदमाश होने के कारण चोरी का माल बेच नहीं पाता तो रूक्क जाकर जमीन पर गाड़ देता। पुलिस ने चोर से करीब 30 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने बरामद किए हैं। बिलासपुर के सिरगिट?टी निवासी दुर्गेश नाई को पुलिस ने संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ा है। जांच में पता चला कि वह निगरानी बदमाश है और अलग-अलग कोर्ट ने उसके खिलाफ7 स्थाई वारंट जारी कर रखे हैं। पूछताछ में उसने बताया कि मनेद्रगढ़ में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। पिछले साल लॉकडाउन से जांजगीर जिले के चांपा, जांजगीर, अकलतरा, बलौदा, पामगढ़ क्षेत्र में कबाड़ बीनने की आड़ में सूने मकानों को निशाना बना रहा था।

अपनी भाभी को तड़पा तड़पा कर मारने वाले देवर और देवरानी को आजीवन कारावास की सजा

जांजगीर (आरएनएस)। बलौदा थाना क्षेत्र के देवारपारा गांव में एक दम्पति ने अपनी ही भाभी से पहले तो मारपीट की, फिर रस्सी से हाथ पैर बांधने के बाद मिट्?टी तेल डालकर आग लगा दी। जिससे महिला बुरी तरह जल गई और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। जांच में पुलिस ने पाया कि पारिवारिक विवाद के चलते महिला के देवर और देवरानी ने उसे मारा था। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। तब से यह मामला जिला अपर सत्र कोर्ट में चल रहा था। अब 2 साल बाद इस मामले में कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा देने का फैसला सुनाया है।

मारपीट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। पसान थाना की कोरबी चौकी पुलिस ने एक यात्री बस के कंडक्टर और हेल्पर से मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो लोगों को सीट देने की बात को लेकर इनके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि अली अहमद ट्रैव्लस की बस बिलासपुर एवं चिरमिरी के बीच चलती है। इसके कंडक्टर राकेश कुमार और हेल्पर मनीष कुमार के साथ अशोक कुमार, सुखराम और गोरेलाल और अन्य साथियों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। कटघोरा से बैठे एक युवक और युवती को सीट देने की बात को लेकर हुए विवाद पर यह घटना हुई। पीड़ित ने कोरबी पुलिस को इस बारे में शिकायत की, जिस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जबकि आरोपी युवकों का कहना है कि हेल्पर ने उनके साथ अभद्रता की है।

बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वाले सैनिकों एवं परिजनों का सम्मान

रायपुर (आरएनएस)। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम 1971 के 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 26 दिसंबर 2021 को दोपहर 12 बजे राजीव भवन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एआईसीसी द्वारा गठित बांग्लादेश मुक्ति संग्राम-1971 50 वीं वर्षगांठ आयोजन समिति के संयोजक कैप्टन प्रवीण डावर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित वरिष्ठ नेतागणों की उपस्थिति में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वाले भूतपूर्व सैनिक, परिजनों तथा पूर्व सैनिकों का सम्मान किया जायेगा।

किसानों को दाम, युवाओं को काम, महिलाओं का सम्मान संस्कृति की पहचान और आदिवासियों के उत्थान के जरिए गढ़ रहे हैं नवा छत्तीसगढ़ - मुख्यमंत्री

» मुख्यमंत्री 'स्पीकआउट छत्तीसगढ़-2021' कार्यक्रम में शामिल हुए

» उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वसहायता समूहों को किया सम्मानित

रायपुर, 24 दिसंबर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को पूर्ण सम्मान और स्थानीय संस्कृति को नई पहचान देकर तथा आदिवासियों का उत्थान कर हम नवा छत्तीसगढ़ गढ़ रहे हैं। 'ग्राम स्वराज' के स्वप्नद्रष्टा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए छत्तीसगढ़ में सुराजी गांव योजना की शुरूआत की गई है। लोगों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए किसानों की कर्जमाफी, अच्छी कीमत पर फसलों की खरीदी, वनोपजों की खरीदी और उनके मूल्य संवर्धन के लिए प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना जैसे कई काम किए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर में 'आउटलुक ग्रुप' द्वारा आयोजित 'स्पीकआउट छत्तीसगढ़-2021' को संबोधित करते हुए इस आशय के विचार व्यक्त किए। उन्होंने कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वसहायता समूहों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में कहा कि जिन समाजों ने महिलाओं की अनदेखी, उपेक्षा और उन्हें घर की चहारदीवारी में बंद करने का प्रयास किया है, उन्हें पराभव का मुख देखना पड़ा है। पुराने समय में महिलाओं को शिक्षा और रोजगार से दूर रखा गया। उन्हें चहारदीवारी में बंद कर उपभोग की वस्तु बना दी गई। देश की आजादी के समय महिलाओं को संपत्ति रखने तक का अधिकार नहीं था। देश का संविधान बनने के बाद राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और संवैधानिक तौर पर महिलाओं के उत्थान के काम हुए, पर अनेक कोशिशों के बाद भी 'आधी आबादी' को पूरा हक नहीं मिल पाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाए रखने के लिए स्वसहायता समूहों की महिलाएं अच्छा काम कर रही हैं। वे घर के काम-काज निपटाने के साथ ही स्वरोजगार कर परिवार की आय बढ़ा रही हैं। महिला समूहों द्वारा निर्मित अनेक उत्पादों की अच्छी मांग है। गौठानों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन के साथ ही महिलाएं बड़े पैमाने पर वर्मी कंपोस्ट बनाने का काम कर रही हैं। प्रदेश की 70 हजार महिलाएं इस काम में लगी हुई हैं। डीएपी खाद की कमी होने पर गौठानों में निर्मित वर्मी कंपोस्ट और सुपर कंपोस्ट ने इसका अच्छा विकल्प दिया है। बहुत से किसानों ने अपने खेतों में इसका उपयोग किया है। इसने छत्तीसगढ़ को जैविक राज्य बनने की दिशा में अग्रसर किया है।

बघेल ने कहा कि प्रदेश में गौपालन को अर्थ से जोड़ा जा रहा है। गौठान के रूप में प्रदेश भर में एक लाख एकड़ से अधिक जमीन संरक्षित की गई है। पशुपालकों से गोबर की खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि गोबर अब केवल लिपने के काम नहीं आ रहा है। इससे अब दीवारों की पुताई भी होगी। गोबर से पेंट बनाने के

2 डीजल चोर गिरफ्तार,70 लीटर डीजल सहित 1 मोटर सायकल जब्त

कोरबा (आरएनएस)। थाना कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला में 2 डीजल चोरों को गिरफ्तार कर 2 जरीकेन में 70 लीटर डीजल सहित 1 मोटर सायकल जप्त किया गया है । 22 दिसंबर को पुलिस सहायता केंद्र सर्वमंगला प्रभारी स उ नि विभव तिवारी रात्रिगश्त पर थे। गश्त दौरान कुसमुंडा खदान की ओर से आते हुए एक मोटर साईकल को रोक कर चेक किया गया जिसमें आरोपी ऋषि कुमार साहू पिता देव प्रसाद साहू उम्र 27 वर्ष पता शान्तिनगर बाँकीमोगरा कोरबा ,एवम भरत कैवर्त पिता रामजीत कैवर्त उम्र 29 वर्ष पता छुरा कछार बाँकीमोगरा जिला कोरबा के सवार थे जो 2 जरीकेन में डीजल रखे हुए थे जिनसे एक मोटर सायकिल सी डी डिलक्स क्र सीजी-12-एन-5720 सहित 2 जरीकेन में कुल 70 लीटर डीजल जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । मामले में इस्तगासा क्र 40/2021 धारा 41-1-4 सीआरपीसी धारा 379 आईपीसी कायम कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है ।उक्त कार्यवाही में स उ नि विभव तिवारी ,प्रधान आरक्षक प्रकाश रजक, लक्ष्मी प्रसाद रात्रे, आर पवन सिंह, संजय कुर्रे, सुजित , प्रांजल तिवारी, रामविलास चौहान,सैनिक सुखनंदन टंडन,पवन राजवाड़े शामिल थे ।

रेलवे कर रहा एफसीआई के खाद्यान्नों के परिवहन के लिए विशेष इंतजाम

» मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों से रेलवे द्वारा दी जा रही सुविधाओं का उपयोग करने के दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। इसके फलस्वरूप केन्द्रीय पुल में लगभग डेढ़ लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पुल में जमा कराए गए चावल को तेजी से

परिवहन के लिए भी भारतीय रेल से समन्वय कर इंतजाम किए गए हैं।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य के सभी कलेक्टरों को भारतीय रेल द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्यान्नों के परिवहन के लिए 31 दिसम्बर तक दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि भारतीय रेल के गुड्स शैड और टर्मिनल में खाद्यान्नों के परिवहन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है, जिससे कि कस्टम मिलिंग कर भारतीय खाद्य निगम में जमा कराए गए चावल का तेजी से परिवहन हो सके। जैन ने कलेक्टरों से कहा है कि भारतीय रेल द्वारा दी जा रही सुविधाओं से कस्टम मिलिंग में तेजी आएगी, वहीं राज्य सरकार को केन्द्रीय पुल में चावल जमा करने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्यान्न के परिवहन को 31 दिसम्बर तक की अवधि के लिए उच्च प्राथमिकता दी गई है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय पुल में लगभग 61 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने के लक्ष्य के अनुरूप छत्तीसगढ़ में तेजी से कस्टम मिलिंग का काम चल रहा है। राज्य सरकार द्वारा कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राईस मिलरों को कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 40 से बढ़ाकर 120 रूपए प्रति क्विंटल की गई है। इसके साथ ही मिलरों को संग्रहण केन्द्रों के साथ-साथ धान खरीदी केन्द्रों से ही धान का उठाव करने के निर्देश दिए गए हैं।

खेल विभाग में होगी प्रशिक्षकों की संविदा नियुक्ति

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मैदानी कार्यालयों एवं खेल अकादमियों के लिए संविदा आधार पर प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। कुल 13 खेलों के लिए जारी विज्ञापन में अलग-अलग खेलों के लिए अलग-अलग पात्रता निर्धारित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर की नोटिस बोर्ड पर भी जानकारी चस्पा की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 टीम को किया पुरस्कृत

» कर्मचारियों के सूझबूझ से कार एक्सीडेंट के आहत को मिला नया जीवन

कोरबा (आरएनएस)। थाना पाली क्षेत्र में डायल 112 कोबरा 2 में कार्यरत आरक्षक राजेश राठौर, सुरेंद्र कुमार कुर्रे एवम चालक महेंद्र जायसवाल पोटापानी लोकेशन से माखनपुर लोकेशन जाते वक्त रास्ते में देखा कि कार सीजी10 एएल- 4047 जो कि कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ में जाकर टकराई हुई थी कार के भीतर एक व्यक्ति बेहोशी के हालत में था। गाड़ी के अंदर गैस भरा हुआ था, गाड़ी का दरवाजा लाक हो गया था।

कर्मचारियों द्वारा कार के साइड ग्लास को तोड़कर दरवाजा को खोलकर आदमी को बाहर निकाले। वह व्यक्ति सांस नहीं ले पा रहा था वहीं जमीन पर लेटा कर सीने में पंपिंग और मुंह के माध्यम से हवा देने पर वह व्यक्ति सांस लेने लगा जिसे सीएचसी पाली में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि घायल का नाम के.आर.भाल्रवी पिता टी. एल.भाल्रवी उम्र 53 वर्ष जो कि कृषि विभाग में मार्केटिंग एसडीओ के पद पर अम्बिकापुर में पदस्थ हैं जो अम्बिकापुर से बिलासपुर जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। डायल 112 के कर्मचारियों की सूझबूझ एवं तत्परता से किए गए कार्य के कारण घायल को बचाया जा सका। उक्त घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल को प्राप्त होने पर 23 दिसंबर 2021 को डायल 112 कोबरा 2 वाहन के कर्मचारी आरक्षक राजेश राठौर, सुरेंद्र कुमार कुर्रे, चालक महेंद्र जायसवाल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रशस्ति पत्र, 500 रुपए के इनाम एवं शाल फूल भेंट कर सम्मानित किया गया।

अनियंत्रित होकर पलटी स्कूली बच्चों से भरी बस, हादसे में कई छात्राएं घायल

» सीआरपीएफके जवानों ने घायल बच्चों को पहुंचाया अस्पताल

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के सुकमा से सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। स्कूली बच्चों से भरा वाहन पलटने से कई बच्चे घायल हो गए हैं।सभी बच्चे शीतकालीन छुट्टी पर घर वापस लौट रहे थे। सीआरपीएफ के जवानों ने घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया है। हादसा तेमालवाडा गांव के पास की हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह द्रोणापाल आश्रम से सभी छात्राएं शीत कालीन

छुट्टी लगने के बाद वाहन में सवार होकर अपने अपने घर के लिए निकले थे। इस दौरान तेमालवाड़ा गांव के पास उनकी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई।इस हादसे में आठ से दस छात्राएं घायल हो गई। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर सीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

दादरखुर्द के कई किसानों की धान बिक्री नहीं, राजस्व विभाग ने रकबा किया शून्य

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कई क्षेत्रों में किसान कई प्रकार की परेशानियों से जूझ रहे हैं। कोरबा शहर के पास से दादर खुर्द के 3 किसानों की धान लेने से उपार्जन केंद्र के संचालक इंकार कर रहे हैं। जानकारी मिली है कि इनकी जमीन को रिकॉर्ड में शामिल नहीं किया गया है। किसानों को सबसे अधिक परेशानी तहसील कार्यालय और पटवारी से हैं। इस बारे में कलेक्टर से शिकायत की गई है।

2 महीने तक धान उपार्जन का काम कोरबा जिले के 54 केंद्रों में संचालित होना है। इसके लिए 34000 से अधिक किसानों के द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया है। पिछले वर्षों के अनुभव को देखते हुए किसानों के रकबे का सत्यापन कराने के साथ नई व्यवस्थाएं कराई गई हैं। दूसरी ओर विभिन्न क्षेत्रों में किसानों के सामने परेशानियां कायम है दादर खुर्द क्षेत्र के 3 किसानों ने अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन से शिकायत की है। संतोष थवाईत और दो अन्य किसानों ने इस बारे में कलेक्टर को पूरे मसले से अवगत कराया बताया गया कि उन्होंने अपनी जमीन पर धान की फसल ली लेकिन वह इसकी बिक्री

नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि राजस्व विभाग ने उनके रकबा को शून्य कर दिया है। किसानों ने इस मामले में तहसील कार्यालय को आड़े हाथों लिया। छत्तीसगढ़ के कवर्धा राजनांदगांव धमतरी से लेकर आने क्षेत्रों में किसान परेशान हो रहे हैं और आए दिन आंदोलन करने के साथ सरकार की फजीहत भी कर रहे हैं। इसी के साथ कोरबा जिले की समस्याएं भी सामने आने लगी हैं। जरूरत इस बात की है कि किसानों को परेशान करने के बजाएं राहत देने का काम किया जाए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमर्पण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवती श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ला एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मृत्यु रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पहिए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

गोबर से गमले गौ काष्ठ और अब तो बिजली भी बना रहीं हैं

रायपुर (आरएनएस)। गायों के लिए हमारे छत्तीसगढ़ की बहनों ने काम किया। जहाँ गौठान समूह के माध्यम से गोबर ख़रीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट से लेकर अन्य उत्पाद बना रही हैं। आज डीएपी नहीं मिल पा रहा है, ऐसे में उसकी पूर्ति वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से की जा सकती है. मुझे लगता है भविष्य में छत्तीसगढ़ ऑर्गेनिक स्टेट घोषित हो सकता है। हम गोबर से बिजली उत्पादन की ओर आगे बढ़ रहे हैं. बड़े उद्योगपतियों की बराबरी हमारे प्रदेश की महिलाएं कर रही हैं, जो बिजली उत्पादन जैसे काम कर रही है।

अब गोबर केवल लीपने के ही काम नहीं आएगा- पहले पत्रकार सिर्फ नक्सली के बारे में सवाल करते थे अब वे इस पर सवाल नहीं करते, देख लीजिए 3 साल में कितना परिवर्तन आया है। कितना भी आप इटेलियन टाइल्स लगवा ले घर पर जब पूजा होता है तो गोबर से लीपकर पूजा किया जाता है। अब गोबर केवल लीपने के ही काम नहीं आएगा, अब पेंट के रूप में भी उपयोग किया जाएगा, हमने रूह भी कर लिया है। लघु वनोपज का वैल्यू एडिशन कर रहे, वहाँ के

युवाओं को बेटियों को रोजगार दे रहे। आप बस्तर में डेनेक्स देख लीजिए। गोबर पारम्परिक रूप से लिखने के काम आता था. अब भी विशेष अवसरों पर गोबर से लिपाई का महत्व है, लेकिन अब गोबर सिर्फ़ लिपने के काम नहीं आएगा. गोबर से अब दीवारों को रंगरोगन होगा. हमने गोबर से पेंट बनाने के लिए रूप किया है। देश मे ऑक्सीजन और रेमदेसिविर जैसी दवाइयां नहीं मिलने पर हमने लाखों लोगों को खोया है

एक वक्त था जब छत्तीसगढ़ की पहचान और छत्तीसगढ़ के लिए हर मंच से बात नक्सलियों और नक्सलवाद पर होती थी. अब छत्तीसगढ़ की एक अलग पहचान बनी है। छत्तीसगढ़ में कोरोना के पहले वेव के समय हमारे प्रयासों से हम रोकने में सफल रहे. दूसरी वेव के वक्त प्रदेश के सीमावर्ती ज़िले से तेज़ी से फैला लेकिन हमने फिर एक बार तेज़ी से नियंत्रित किया गया। कोरोना को नियंत्रित करने में मितानिनों का सहयोग मिला. महिलाओं का साथ काम करना सफलता की गारंटी होती है। तीसरी बार जो प्रथम पुरस्कार मिला है स्वच्छता के क्षेत्र में उसमे सबसे बड़ा योगदान हमारी स्वच्छता दीदीयों का रहा है। देश के किसी भी प्रदेश में इतनी जल्दी कोरोना नियंत्रण में नहीं आया जितना छत्तीसगढ़ में , इसका प्रमुख कारण हमारी स्वच्छता दीदी है।